लोक सभा अध्यक्ष ने दिल्ली में सीमा सुरक्षा बल विमान दुर्घटना में मारे गए बी.एस.एफ. कर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 22 दिसंबर 2015 : लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने आज दिल्ली हवाई अड्डे के पास द्वारका में सीमा सुरक्षा बल विमान दुर्घटना में मारे गए बी.एस.एफ. कर्मियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्रीमती महाजन ने कहा :

" मुझे यह जानकर दुःख हुआ है कि आज दिल्ली हवाई अड्डे के पास द्वारका में हुई विमान दुर्घटना में विमान पर सवार अनेक कर्मियों का निधन हो गया है। मैं उन सभी परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूँ जिन्होंने अपने प्रियजनों को इस दुर्घटना में खोया है।"